भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

07.08.2026 के

तारांकित प्रश्न सं. 214 का उत्तर

जम्मू और कश्मीर में रेल परियोजनाओं और सेवाओं का कार्यान्वयन

***214. श्री गुलाम अली:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान संघ राज्य क्षेत्र, जम्मू और कश्मीर में रेल परियोजनाओं और यात्री सेवाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की है;

(ख) संस्वीकृत, पूर्ण हो चुकी और कार्यान्वयनाधीन रेल लाइनों, स्टेशनों, पुलों, सुरंगों, विद्युतीकरण, सिगनल प्रणालियों, यात्री सुविधाओं और रेल सेवाओं सहित तत्संबंधी आवंटित, निर्गत और प्रयुक्त की गई निधि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विलंब के, यदि कोई हुआ है, तो उसके क्या कारण हैं;

(घ) सभी लंबित रेल परियोजनाओं और संपर्क पहलों को पूर्ण करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं और तत्संबंधी निर्धारित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) तत्संबंधी यात्री और माल ढुलाई यातायात का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

जम्मू और कश्मीर में रेल परियोजनाओं और सेवाओं के कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 07.08.2026 को राज्य सभा में श्री गुलाम अली के तारांकित प्रश्न सं. 214 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (ङ): कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने के लिए, उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना (272 किमी) कमीशन की गई है। यूएसबीआरएल परियोजना में जम्मू और कश्मीर के उधमपुर, रियासी, रामबन, श्रीनगर, अनंतनाग, पुलवामा, बडगाम और बारामूला जिले शामिल हैं।

यूएसबीआरएल परियोजना देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शुरू की गई अत्यंत कठिन नई रेल लाइन परियोजनाओं में से एक है। यह भू-भाग नवोदित हिमालय क्षेत्र से होकर गुजरता है, जो भूवैज्ञानिक क्षेत्र का अद्भुत नमूना है और कई समस्याओं से युक्त है। इस परियोजना में रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेल पुल निर्मित किया है। प्रसिद्ध चिनाब पुल 1315 मीटर लंबा है, जिसका आर्च स्पैन 467 मीटर और ऊंचाई नदी तल से 359 मीटर है। इस परियोजना में भारतीय रेल का पहला केबल स्टे ब्रिज अंजी खड़ पर निर्मित किया गया है। यह 473 मीटर लंबा असममित केबल स्टे ब्रिज है, जिसमें उल्टे "वाई" आकार का 193 मीटर ऊंचा सिंगल पाइलॉन है।

रेल संपर्कता प्रदान करने के अलावा, लगभग 215 किमी (एक सुरंग और 320 पुलों सहित) सड़कों का निर्माण किया गया है जिनका उपयोग स्थानीय लोगों द्वारा किया जाता है।

यह संपूर्ण रेल परियोजना सुरंगों और खुले स्ट्रेच में ओवरहेड कंडक्टर प्रणाली का उपयोग करके विद्युतीकृत की गई है। घाटी की भारतीय रेल नेटवर्क के शेष भागों के साथ सभी मौसमों में विश्वसनीय और सुविधाजनक रेल संपर्कता के साथ, पर्यटन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा।

परियोजना की कमीशनिंग होने के बाद, कटड़ा और श्रीनगर के बीच यात्रा का समय घटकर लगभग 3 घंटे रह गया है।

यूएसबीआरएल परियोजना ने इस क्षेत्र में पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक योगदान दिया है। यूएसबीआरएल परियोजना के रेल नेटवर्क के साथ एकीकरण ने कच्चे माल और तैयार माल के परिवहन को सुकर बनाया है, जिससे इस क्षेत्र में लघु और मध्यम उद्यमों के विकास में सहायता मिली है। किसान और स्थानीय व्यवसाय अब अपने विशिष्ट कश्मीरी उत्पादों जैसे सेब, सूखे मेवे, पश्मीना शॉलों और हस्तशिल्प उत्पादों को क्षेत्र से बाहर बेच सकते हैं, जिससे बड़े बाजारों तक पहुंच प्राप्त होती है और आर्थिक विविधता को बढ़ावा मिलता है।

जम्मू और कश्मीर में रेल संपर्कता में सुधार लाने के लिए, निम्नलिखित अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण स्वीकृत किए गए हैं:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	वर्तमान स्थिति
1	जालंधर कैंट-जम्मू तवी (216 किमी) तीसरी लाइन	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।
2	जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा अतिरिक्त लाइन (78 किमी)	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण को स्वीकृति दे दी गई है। फील्ड सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है।
3	जम्मू/रियासी-पुंछ नई लाइन (190 किमी)	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए अंतिम स्थान निर्धारण सर्वेक्षण को स्वीकृति दे दी गई है। फील्ड सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के पश्चात, परियोजना को स्वीकृति देने के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदन जैसे नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि से मूल्यांकन अपेक्षित होते हैं। चूंकि हितधारकों के साथ परामर्श करना एक सतत व गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती।

अमृत भारत स्टेशन:

रेल मंत्रालय ने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है।

अमृत भारत स्टेशन योजना में भारतीय रेल के रेलवे स्टेशनों को बेहतर बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और उनका चरणबद्ध रूप से कार्यान्वयन करना शामिल हैं। प्रत्येक स्टेशन की आवश्यकता को देखते हुए, मास्टर प्लान में निम्नलिखित शामिल हैं:

- रेलवे स्टेशन और परिचलन क्षेत्रों तक पहुँच में सुधार
- रेलवे स्टेशन का शहर के दोनों भागों के साथ एकीकरण
- रेलवे स्टेशन भवन में सुधार
- प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठक व्यवस्था, वाटर-बूथों में सुधार
- यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े ऊपरी पैदल पुल/सबवे की व्यवस्था
- लिफ्टों/स्वचालित सीढ़ियों/रैम्प की व्यवस्था
- प्लेटफ़ॉर्म की सतह में सुधार व प्लेटफ़ॉर्म शेल्टर की व्यवस्था
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की व्यवस्था

- पार्किंग क्षेत्र का विकास
- दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ
- बेहतर यात्री सूचना प्रणाली
- एयर कॉनकोर्स, एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज, यातायात के विभिन्न साधनों के साथ एकीकरण, भूसुदर्शनीकरण आदि।

इस योजना में आवश्यकतानुसार, चरणबद्ध रूप से और व्यवहार्यतानुसार संवहनीय और पर्यावरण अनुकूल समाधानों तथा दीर्घ काल में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की परिकल्पना की गई है।

अब तक, इस योजना के अंतर्गत विकास के लिए 1,340 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिनमें से 4 स्टेशन जम्मू और कश्मीर में स्थित हैं। जम्मू और कश्मीर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास के लिए चिह्नित किए गए स्टेशनों के नाम निम्नलिखित हैं:

राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	स्टेशनों की संख्या	स्टेशनों के नाम
जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश	04	बडगाम, जम्मू तवी, शहीद कप्तान तुषार महाजन, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा

जम्मू और कश्मीर के स्टेशनों पर विकास कार्य तीव्र गति से शुरू किए गए हैं और स्टेशनों की प्रगति निम्नानुसार है:

- **बडगाम स्टेशन:** परिचलन क्षेत्र, पार्किंग और पहुंच मार्ग के सुधार कार्य पूरे कर लिए गए हैं। 12 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल का कार्य, स्टेशन भवन का सुधार और बुकिंग काउंटरों सहित नए प्रतीक्षालय और एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज के कार्य शुरू किए गए हैं।
- **जम्मू तवी स्टेशन:** दूसरे प्रवेश द्वार पर नए स्टेशन भवन का निर्माण, परिचलन क्षेत्र का विकास, पार्किंग, नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म शेल्टर, विद्युत सब-स्टेशन और प्रवेश रैंप के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। मुख्य प्रवेश द्वार पर पुराने स्टेशन भवन को तोड़ने, ऊपरी पैदल पुलों और एयर कॉनकोर्स के कार्य शुरू कर दिए गए हैं।
- **शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन:** स्टेशन भवन के सुधार, परिचलन क्षेत्र के सुधार, पार्किंग के सुधार, पहुंच मार्ग, शौचालयों, प्रतीक्षालय के सुधार, प्रवेश द्वार मण्डप और साइनेज के कार्य पूरे हो चुके हैं। प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सतह में सुधार और 6 मीटर चौड़े ऊपरी पैदल पुल के कार्य शुरू किए गए हैं।
- **श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** स्टेशन मास्टर प्लानिंग चरण के अंतर्गत है।

मास्टर प्लानिंग एक पुनरावर्ती प्रक्रिया है जिसके लिए इष्टतमीकरण अपेक्षित होता है तथा ऐसे इष्टतमीकरण के लिए समय-सीमा और अन्य विवरण का उल्लेख इस चरण में नहीं किया जा सकता है।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण, जिसमें यात्री सुविधाओं का प्रावधान शामिल है, एक सतत प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्यों की परस्पर प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता के अध्यधीन, आवश्यकतानुसार, निर्माण कार्य शुरू किए जाते हैं। किसी स्टेशन का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण, उस स्टेशन की कोटि/दशा/संभाले गए यातायात आदि के आधार पर किया जाता है।

सामान्यतः, अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों का विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण योजना शीर्ष-53 'ग्राहक सुविधाएं' के अंतर्गत वित्तपोषित किया जाता है। योजना शीर्ष-53 के अंतर्गत आबंटन और व्यय का ब्यौरा क्षेत्रीय रेलवे-वार रखा जाता है, न कि स्टेशन-वार या राज्य-वार। जम्मू और कश्मीर एक रेलवे जोन नामतः उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस जोन के लिए, पिछले पांच वित्त वर्षों और चालू वित्त वर्ष के लिए ₹7,944 करोड़ का आबंटन किया गया है, जिसमें से अब तक (जून, 2026 तक) ₹5,622 करोड़ का व्यय उपगत किया गया है।

रेलवे स्टेशनों का विकास/उन्नयन जटिल प्रकृति के कार्य हैं, जिनमें यात्रियों और गाड़ियों की संरक्षा शामिल है और इसके लिए विभिन्न सांविधिक स्वीकृतियाँ जैसे पेड़ों की कटाई, धरोहर, अग्निशमन संबंधी स्वीकृति, विमानपत्तन संबंधी स्वीकृतियां आदि अपेक्षित होती हैं। ये स्टेशन लंबे समय से परिचालन में हैं, अतः ब्राउनफील्ड कार्य चुनौतियों जैसे जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण (जिनमें पानी/सीवेज की लाइनें, ऑप्टिकल फाइबर केबल, गैस पाइपलाइन, पावर/सिगनल केबल आदि शामिल हैं), अतिलंघन, यात्री संचलन को बाधित किए बिना गाड़ियों का परिचालन, रेलपथ और उच्च वोल्टेज बिजली की लाइन के निकट किए जा रहे कार्यों के कारण गति प्रतिबंध आदि का सामना किया जा रहा है तथा ये कारक कार्य की प्रगति व समापन समय को प्रभावित करते हैं।

भारतीय रेल के पास परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक सुस्थापित तंत्र है जिसमें परियोजनाओं की समीक्षा, निरीक्षण और कार्यों की गुणवत्ता की जांच शामिल हैं। विभिन्न संहिताओं और नियमावलियों में निर्धारित मानकों और विशिष्टियों का पालन करते हुए निर्माण कार्य किए जाते हैं। समय-समय पर विभिन्न एजेंसियों और अधिकारियों द्वारा निर्धारित अनुदेशों के अनुसार निरीक्षण और जांच की जाती है और क्षतिपूर्ति सहित सुधार के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है। यह एक सतत और जारी रहने वाली प्रक्रिया है।

ऊपरी/निचले सड़क पुल:

समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों संबंधी निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान करना भारतीय रेल की एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे निर्माण कार्यों को रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा, रेलगाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यवहार्यता आदि के आधार पर प्राथमिकीकृत किया जाता है और शुरू किया जाता है।

वर्ष 2004-14 की तुलना में वर्ष 2014-26 (मई 2026 तक) की अवधि के दौरान, भारतीय रेल में निर्मित किए गए ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित किए गए ऊपरी/निचले सड़क पुल
2004-14	4,148 अदद
2014-26 (मई 2026 तक)	14,451 अदद (जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में 16 अदद)

दिनांक 01.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में लगभग 1,17,492 करोड़ रु. की लागत से 4,993 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण कार्यों को स्वीकृत किया गया है, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

वर्तमान में, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में 195 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल मौजूद हैं। इसके अलावा, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में लगभग 87 करोड़ रु. की लागत से 02 अदद ऊपरी सड़क पुल के कार्यों को स्वीकृत किया गया है जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों को पूरा करना और कमीशनिंग करना कई कारकों पर निर्भर करता है जैसे समपार बंद करने के लिए सहमति देने में राज्य सरकारों का सहयोग, पहुंच मार्ग संरेखण का निर्धारण, सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) का अनुमोदन, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, अतिलंघनकारी उपयोगिताओं को स्थानांतरित करना, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक मंजूरी, परियोजना/कार्य स्थलों के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों आदि के कारण किसी विशेष परियोजना/क्षेत्र के लिए एक वर्ष में कार्य अनुकूल अवधि आदि। ये सभी कारक परियोजनाओं/कार्यों के समापन समय को प्रभावित करते हैं।

इसके अलावा, रेलवे ने कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

i. सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित राज्य सरकार/सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है ताकि सुचारू निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।
ii. ऊपरी/निचले सड़क पुलों के कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए रेलवे और राज्य सरकार के अधिकारियों की आवधिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।
iii. डिज़ाइन अनुमोदन के दौरान विलंब से बचने के लिए रेलवे के भाग में आने वाली सड़क के स्पैन, विषमतलीयता और चौड़ाई के विभिन्न संयोजनों के लिए अधिसंरचना और उपसंरचना आरेखों का मानकीकरण किया गया है। इसे एक सार-संग्रह के रूप में जारी किया गया है, जिसे त्वरित योजना बनाने के लिए रेल लाइनों पर ऊपरी सड़क पुलों के निर्माण के लिए सीधे ही अपनाया जा सकता है।

योजना शीर्ष (पीएच)-30 के अंतर्गत ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निधि आबंटन/संशोधित अनुमान और व्यय का ब्यौरा क्षेत्रीय रेलवे-वार रखा जाता है, न कि राज्य-वार/जिला-वार। जम्मू और कश्मीर उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस जोन को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए योजना शीर्ष-30 के

अंतर्गत कुल ₹763 करोड़ आबंटित किए गए हैं। वर्ष 2026-27 (मई 2026 तक) के दौरान, इस जोन द्वारा योजना शीर्ष-30 के अंतर्गत ₹229 करोड़ का व्यय उपगत किया गया है।

विद्युतीकरण:

भारतीय रेल पर रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण मिशन मोड में शुरू किया गया है। अब तक, बड़ी लाइन नेटवर्क का लगभग 99.6% विद्युतीकरण किया जा चुका है। शेष नेटवर्क पर विद्युतीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। वर्ष 2014-26 के दौरान और 2014 से पहले किए गए विद्युतीकरण का ब्यौरा निम्नानुसार है:

अवधि	मार्ग किलोमीटर
2014 से पूर्व (लगभग 60 वर्ष)	21,801
2014-26	48,072

जम्मू और कश्मीर में, संपूर्ण मौजूदा बड़ी लाइन नेटवर्क का विद्युतीकरण कर दिया गया है। इसके अलावा, सभी नई लाइन/बहुपथन परियोजनाओं को विद्युतीकरण के साथ ही स्वीकृत और निर्मित किया जा रहा है।

गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी):

निजी निवेश के माध्यम से कार्गो टर्मिनलों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए, गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) नीति प्रारंभ की गई है। जीसीटी का स्थान उद्योग की मांग, कार्गो यातायात की क्षमता, रेल अवसंरचना की उपलब्धता तथा संबंधित क्षेत्र में संभार-तंत्र की समग्र संभावना के आधार पर निर्धारित किया जाता है।

अब तक, 142 गति शक्ति कार्गो टर्मिनलों (जीसीटी) को कमीशन किया गया है, जिनमें जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में 01 जीसीटी भी शामिल है। इन 142 कमीशन किए गए जीसीटी की अनुमानित माल ढुलाई क्षमता 224 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है। इस नीति के माध्यम से इन जीसीटी द्वारा लगभग 10,000 करोड़ रु. का निजी निवेश जुटाया गया है। 2025-26 के दौरान इन जीसीटी पर की गई माल ढुलाई 146 एमटी है।

इसके अलावा, जम्मू और कश्मीर के 3 स्थानों नामतः कठुआ, अनंतनाग और जम्मू जिलों सहित 310 अतिरिक्त स्थानों पर जीसीटी की स्थापना के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

सिगनल प्रणाली का सुदृढ़ीकरण:

भारतीय रेल अपनी सिगनल प्रणाली की वर्तमान अवसंरचना का निम्नानुसार निरंतर आधुनिकीकरण कर रही है:

1. दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में 6671 स्टेशनों पर पुरानी यांत्रिक सिगनल प्रणाली के स्थान पर प्वाइंटों और सिगनलों के केंद्रीकृत परिचालन के साथ इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणालियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें से 3954 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग मुहैया कराई गई है। इनमें पिछले 5 वर्षों के दौरान जम्मू और कश्मीर के पांच जिलों (सांबा-1, रियासी-4, रामबन-3, कठुआ-1 और जम्मू-2) में स्थित 11 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग उपलब्ध कराई गई है।
2. दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, संरक्षा बढ़ाने के लिए 6,671 स्टेशनों पर विद्युत साधनों के माध्यम से रेलपथ अधिभोगिता के सत्यापन द्वारा रेलवे स्टेशनों का संपूर्ण रेलपथ परिपथन किया गया है। इनमें पिछले 5 वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों (सांबा-1, रियासी-4, रामबन-3, कठुआ-1 और जम्मू-2) में स्थित 11 स्टेशन शामिल हैं।
3. ब्लॉक खंड के स्वचालित क्लीयरेंस के लिए एक्सल काउंटर, बीपीएसी (ब्लॉक प्रूविंग एक्सल काउंटर) लगाए गए हैं ताकि अगली गाड़ी के लिए लाइन क्लीयर देने से पहले बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के गाड़ी का पूर्ण आगमन सुनिश्चित किया जा सके और मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सके। दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, 6085 ब्लॉक खंडों पर ये प्रणालियाँ मुहैया कराई गई हैं। इनमें पिछले 5 वर्षों के दौरान जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों (सांबा-1, रियासी-4, रामबन-3, कठुआ-1 और जम्मू-2) में स्थित 11 स्टेशन शामिल हैं।
4. कवच एक स्वदेश विकसित स्वचालित रेलगाड़ी रक्षण (एटीपी) प्रणाली है। कवच एक अत्यधिक प्रौद्योगिकी प्रधान प्रणाली है, जिसके लिए उच्चतम स्तर (एसआईएल-4) के संरक्षा प्रमाणन की आवश्यकता होती है। यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है तो कवच स्वचालित ब्रेक लगाकर लोको पायलट को निर्दिष्ट गति सीमा के भीतर रेलगाड़ी चलाने में सहायता करता है। कवच को जुलाई, 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया गया था। दक्षिण मध्य रेलवे पर 1465 मार्ग किमी पर कवच संस्करण 3.2 का संस्थापन किया गया और प्राप्त अनुभव के आधार पर, आगे सुधार किए गए। अंततः, कवच विशिष्टि संस्करण 4.0 को 16.07.2024 को आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित किया गया था।

   व्यापक और विस्तृत परीक्षणों के बाद, कवच संस्करण 4.0 को 31.07.2026 तक 2633 मार्ग किलोमीटर पर सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है। यह भारतीय रेल पर उच्च घनत्व वाले दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों को कवर करता है। जम्मू और कश्मीर से गुजरने वाले निम्नलिखित खंडों पर लगभग 401 मार्ग किमी के लिए कवच कार्यों को स्वीकृति दी गई है:

   - कठुआ-जम्मू तवी (76 मार्ग किमी),
   - जम्मू तवी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा (78 मार्ग किमी),
   - कटड़ा-बनिहाल (112 मार्ग किमी),
   - बनिहाल-बारामूला (135 मार्ग किमी)।

रेलगाड़ी सेवाएं:

चूंकि रेल नेटवर्क राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है, इसलिए रेलगाड़ियों को नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार ऐसी सीमाओं के आर-पार शुरू किया जाता है। बहरहाल, भारतीय रेल यात्रियों के लिए संपर्कता में सुधार लाने का निरंतर प्रयास करती है।

भारतीय रेल ने निम्नलिखित 04 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की हैं, जो जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के अधिकार क्षेत्र में स्थित जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और बडगाम जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं:

क्र. सं.	गाड़ी सं. और नाम
1.	26405/26406 अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
2.	26401/26402 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
3.	26403/26404 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
4.	22477/22478 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

इसके अलावा, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और बडगाम के बीच रेलगाड़ी सेवा अर्थात 14687/14688 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-बडगाम एक्सप्रेस शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

इनके अलावा, भारतीय रेल ने एमसीटीएम उधमपुर तक निम्नलिखित सेवाओं का विस्तार करने का कार्य भी शुरू कर दिया है:

क्र. सं.	गाड़ी सं. और नाम
1.	12549/12550 दुर्ग-जम्मू तवी एक्सप्रेस का उधमपुर तक विस्तार
2.	22941/22942 इंदौर-जम्मू तवी एक्सप्रेस का उधमपुर तक विस्तार
3.	18215/18216 दुर्ग-जम्मू तवी एक्सप्रेस का उधमपुर तक विस्तार

तदनुसार, वर्तमान में, जम्मू तवी स्टेशन को 114 रेलगाड़ी सेवाओं और एमसीटीएम उधमपुर स्टेशन को 58 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इसी तरह, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्टेशन को 46 रेलगाड़ी सेवाओं, श्रीनगर को 16 रेलगाड़ी सेवाओं और बडगाम को 19 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जाता है। इन स्टेशनों को सेवित करने वाली रेलगाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:

जम्मू तवी स्टेशन को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	26401 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
2	26402 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
3	26403 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	26404 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
5	26405 अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
6	26406 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस
7	22477 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

8	22478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
9	22439 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
10	22440 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
11	12425 नई दिल्ली-जम्मू तवी राजधानी एक्सप्रेस
12	12426 जम्मू तवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस
13	12265 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जम्मू तवी दुरंतो एक्सप्रेस
14	12266 जम्मू तवी-दिल्ली सराय रोहिला दुरंतो एक्सप्रेस
15	11077 पुणे जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस
16	11078 जम्मू तवी-पुणे जंक्शन एक्सप्रेस
17	11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
18	11450 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस
19	12207 काठगोदाम-जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस
20	12208 जम्मू तवी-काठगोदाम गरीब रथ एक्सप्रेस
21	12237 वाराणसी-जम्मू तवी एक्सप्रेस
22	12238 जम्मू तवी-वाराणसी एक्सप्रेस
23	12355 पटना-जम्मू तवी एक्सप्रेस
24	12356 जम्मू तवी-पटना एक्सप्रेस
25	12413 अजमेर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
26	12414 जम्मू तवी-अजमेर एक्सप्रेस
27	12445 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
28	12446 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
29	12469 कानपुर सेंट्रल-जम्मू तवी एक्सप्रेस
30	12470 जम्मू तवी-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस
31	12471 बांद्रा (टी)-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
32	12472 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
33	12473 गांधीधाम-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
34	12474 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गांधीधाम एक्सप्रेस
35	12475 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
36	12476 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-हापा एक्सप्रेस
37	12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
38	12478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-जामनगर एक्सप्रेस
39	12549 दुर्ग-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
40	12550 एमसीटीएम उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस
41	12587 गोरखपुर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस
42	12588 जम्मू तवी-गोरखपुर जंक्शन एक्सप्रेस
43	12751 हजूर साहिब नांदेड़-जम्मू तवी एक्सप्रेस

44	12752 जम्मू तवी-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस
45	12919 डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
46	12920 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस
47	13041 हावड़ा-जम्मू तवी एक्सप्रेस
48	13042 जम्मू तवी-हावड़ा एक्सप्रेस
49	13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस
50	13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस
51	14503 कालका-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
52	14504 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कालका एक्सप्रेस
53	14605 योग नगरी ऋषिकेश-जम्मू तवी एक्सप्रेस
54	14606 जम्मू तवी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस
55	14609 योग नगरी ऋषिकेश-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
56	14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस
57	14611 गाज़ीपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
58	14612 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गाज़ीपुर सिटी एक्सप्रेस
59	14661 बाड़मेर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
60	14662 जम्मू तवी-बाड़मेर एक्सप्रेस
61	14691 बरौनी-जम्मू तवी एक्सप्रेस
62	14692 जम्मू तवी-बरौनी एक्सप्रेस
63	14803 भगत की कोठी-जम्मू तवी एक्सप्रेस
64	14804 जम्मू तवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस
65	15097 भागलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
66	15098 जम्मू तवी-भागलपुर एक्सप्रेस
67	15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस
68	15652 जम्मू तवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस
69	15653 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस
70	15654 जम्मू तवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस
71	15655 कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
72	15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कामाख्या एक्सप्रेस
73	16031 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
74	16032 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस
75	16317 कन्याकुमारी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
76	16318 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
77	16787 तिरुनेलवेली जंक्शन-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
78	16788 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-तिरुनेलवेली जंक्शन एक्सप्रेस
79	18101 टाटानगर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस

80	18102 जम्मू तवी-टाटानगर जंक्शन एक्सप्रेस
81	18309 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
82	18310 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस
83	19027 बांद्रा (टी)-जम्मू तवी एक्सप्रेस
84	19028 जम्मू तवी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस
85	19107 भावनगर-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
86	19108 एमसीटीएम उधमपुर-भावनगर एक्सप्रेस
87	19223 साबरमती-जम्मू तवी एक्सप्रेस
88	19224 जम्मू तवी-साबरमती एक्सप्रेस
89	19415 साबरमती-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
90	19416 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-साबरमती एक्सप्रेस
91	19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
92	19804 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कोटा एक्सप्रेस
93	20433 सूबेदारगंज-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
94	20434 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-सूबेदारगंज एक्सप्रेस
95	20847 दुर्ग-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
96	20848 एमसीटीएम उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस
97	20985 कोटा-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
98	20986 एमसीटीएम उधमपुर-कोटा एक्सप्रेस
99	22317 सियालदह-जम्मू तवी एक्सप्रेस
100	22318 जम्मू तवी-सियालदह एक्सप्रेस
101	22401 दिल्ली सराय रोहिल्ला-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
102	22402 एमसीटीएम उधमपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस
103	22431 सूबेदारगंज-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
104	22432 एमसीटीएम उधमपुर-सूबेदारगंज एक्सप्रेस
105	22461 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
106	22462 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
107	22705 तिरुपति-जम्मू तवी एक्सप्रेस
108	22706 जम्मू तवी-तिरुपति एक्सप्रेस
109	22941 इंदौर-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
110	22942 एमसीटीएम उधमपुर-इंदौर एक्सप्रेस
111	74906 एमसीटीएम उधमपुर-पठानकोट डेमू
112	74907 पठानकोट-एमसीटीएम उधमपुर डेमू
113	74909 पठानकोट-एमसीटीएम उधमपुर डेमू
114	74910 एमसीटीएम उधमपुर-पठानकोट डेमू

एमसीटीएम उधमपुर स्टेशन को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

क्र. सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	26401 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
2	26402 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
3	26403 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	26404 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
5	22477 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
6	22478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
7	11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
8	11450 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस
9	12445 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
10	12446 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
11	12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
12	12472 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
13	12473 गांधीधाम-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
14	12474 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गांधीधाम एक्सप्रेस
15	12475 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
16	12476 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-हापा एक्सप्रेस
17	12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
18	12478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-जामनगर एक्सप्रेस
19	12549 दुर्ग-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
20	12550 एमसीटीएम उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस
21	12919 डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
22	12920 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस
23	14503 कालका-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
24	14504 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कालका एक्सप्रेस
25	14609 योग नगरी ऋषिकेश-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
26	14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस
27	15655 कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
28	15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कामाख्या एक्सप्रेस
29	16031 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
30	16032 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस
31	16317 कन्याकुमारी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
32	16318 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
33	16787 तिरुनेलवेली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
34	16788 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस

35	19107 भावनगर-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
36	19108 एमसीटीएम उधमपुर-भावनगर एक्सप्रेस
37	19415 साबरमती-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
38	19416 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-साबरमती एक्सप्रेस
39	19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
40	19804 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कोटा एक्सप्रेस
41	20433 सूबेदारगंज-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
42	20434 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-सूबेदारगंज एक्सप्रेस
43	20847 दुर्ग-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
44	20848 एमसीटीएम उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस
45	20985 कोटा-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
46	20986 एमसीटीएम उधमपुर-कोटा एक्सप्रेस
47	22401 दिल्ली सराय रोहिल्ला-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
48	22402 एमसीटीएम उधमपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस
49	22431 सूबेदारगंज-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
50	22432 एमसीटीएम उधमपुर-सूबेदारगंज एक्सप्रेस
51	22461 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
52	22462 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
53	22941 इंदौर-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस
54	22942 एमसीटीएम उधमपुर-इंदौर एक्सप्रेस
55	74906 एमसीटीएम उधमपुर-पठानकोट डेमू
56	74907 पठानकोट-एमसीटीएम उधमपुर डेमू
57	74909 पठानकोट-एमसीटीएम उधमपुर डेमू
58	74910 एमसीटीएम उधमपुर-पठानकोट डेमू

श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्टेशन को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां :

क्र. सं.	**रेलगाड़ी का नाम और सं.**
1	22439 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
2	22440 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
3	26405 अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
4	26406 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस
5	22477 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
6	22478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
7	11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
8	11450 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस

9	12445 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
10	12446 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस
11	12471 बांद्रा (टी)-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
12	12472 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस
13	12473 गांधीधाम-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
14	12474 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस
15	12475 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
16	12476 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-हापा एक्सप्रेस
17	12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
18	12478 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-जामनगर एक्सप्रेस
19	12919 डॉ. अंबेडकर नगर-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
20	12920 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस
21	14503 कालका-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
22	14504 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कालका एक्सप्रेस
23	14609 योग नगरी ऋषिकेश-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
24	14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस
25	14611 गाज़ीपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
26	14612 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गाज़ीपुर सिटी एक्सप्रेस
27	15655 कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
28	15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कामाख्या एक्सप्रेस
29	16031 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
30	16032 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस
31	16317 कन्याकुमारी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
32	16318 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस
33	16787 तिरुनेलवेली जंक्शन-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
34	16788 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-तिरुनेलवेली जंक्शन एक्सप्रेस
35	19415 साबरमती-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
36	19416 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-साबरमती एक्सप्रेस
37	19803 कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
38	19804 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कोटा एक्सप्रेस
39	20433 सूबेदारगंज-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
40	20434 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-सूबेदारगंज एक्सप्रेस
41	22461 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस
42	22462 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस

43	26401 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
44	26402 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
45	26403 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
46	26404 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस

बडगाम स्टेशन को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां :

क्र. सं.	**रेलगाड़ी का नाम और सं.**
1	64651 संगलदान-बारामूला मेमू
2	64652 बारामूला-संगलदान मेमू
3	74613 बडगाम-बारामूला डेमू
4	74614 बारामूला-बनिहाल डेमू
5	74615 बनिहाल-बारामूला डेमू
6	74617 बनिहाल-बडगाम डेमू
7	74618 बारामूला-बडगाम डेमू
8	74619 संगलदान-बारामूला डेमू
9	74620 बारामूला-संगलदान डेमू
10	74621 बडगाम-बारामूला डेमू
11	74622 बारामूला-बनिहाल डेमू
12	74623 बनिहाल-बारामूला डेमू
13	74624 बारामूला-बडगाम डेमू
14	74625 बनिहाल-बारामूला डेमू
15	74626 बारामूला-बनिहाल डेमू
16	74628 बडगाम-बनिहाल डेमू
17	74630 बारामूला-बडगाम डेमू
18	74631 बडगाम-बारामूला डेमू
19	74632 बारामूला-बडगाम डेमू

श्रीनगर स्टेशन को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

क्र. सं.	**रेलगाड़ी का नाम और सं.**
1	26401 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
2	26402 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
3	26403 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	26404 श्रीनगर-जम्मू तवी वंदे भारत एक्सप्रेस
5	64651 संगलदान-बारामूला मेमू
6	64652 बारामूला-संगलदान मेमू

7	74614 बारामूला-बनिहाल डीएमयू
8	74615 बनिहाल-बारामूला डीएमयू
9	74617 बनिहाल-बडगाम डीएमयू
10	74619 संगलदान-बारामूला डीएमयू
11	74620 बारामूला-संगलदान डीएमयू
12	74622 बारामूला-बनिहाल डीएमयू
13	74623 बनिहाल-बारामूला डीएमयू
14	74625 बनिहाल-बारामूला डीएमयू
15	74626 बारामूला-बनिहाल डीएमयू
16	74628 बडगाम-बनिहाल डीएमयू

इसके अलावा, नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना एक सतत प्रक्रिया है, जो निम्नलिखित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- रेलखंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के अनुरूप अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- रेलखंड की अधिभोगिता एवं यातायात आवश्यकता

*****